दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्व का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्व की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, सोमवार 17 दिसम्बर 2018 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-78

# भूपेश बघेल होंगे छग के नए मुख्यमंत्री



## जल्द होगा मंत्रिमंडल का गठन

**न्याय साक्षी/रायपुर। कांग्रेस पर्यवेक्षक मल्लिकार्जुन खड़गे ने आज विधायक दल की बैठक लेने के बाद एक प्रेसवार्ता में आधिकारिक रूप से भूपेश बघेल को विधायक दल का नेता चुने जाने की घोषणा कर दी है। उन्होंने कहा कि कल भूपेश बघेल मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे और इसके बाद सोच-समझकर मंत्रिमंडल का गठन किया जाएगा।**

कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में आयोजित एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी से पर्यवेक्षक बनकर आए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि दो दिन पूर्व जब वे राजधानी रायपुर आए थे, तब भी विधायकों ने एक स्वर से भूपेश बघेल को अपना नेता चुनने का इशारा कर दिया था। इसके बाद बने परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस आलाकमान ने मुख्यमंत्री पद के दावेदार चारों नेताओं से चर्चा की और लंबे विचार-विमर्श के बाद आखिरकार भूपेश बघेल के नाम पर सहमति बन गई। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में 15 सालों से काबिज भाजपा को सत्ता से बाहर करने के लिए सभी नेताओं ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई और सभी नेताओं ने जोरदार मेहनत की थी। इसके परिणाम स्वरूप ही राज्य में फिर से कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि कांग्रेस में कोई बड़ा या छोटा नेता नहीं है। सभी नेताओं ने अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन किया है और कांग्रेस को मजबूत करने में सभी ने अपना योगदान दिया है। इसलिए मुख्यमंत्री के नाम पर निर्णय लेने में विलंब हुआ। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने जो वायदा किया है, उसे पूरा करने के लिए सभी की सहभागिता जरूरी है, कांग्रेस के सभी लोग मिलकर इस जिम्मेदारी को पूरा करेंगे।

## झीरम कांड की होगी एसआईटी से जांच : भूपेश बघेल

### घोषणा पत्र में किए गए वायदों को पूरा करेंगे

कांग्रेस के मुख्यमंत्री पद के लिए भूपेश बघेल का नाम फाइनल होने के बाद आज कांग्रेस विधायक दल के साथ भूपेश बघेल राजभवन पहुंचे और विधायकों के लिखित समर्थन व हस्ताक्षर वाला पत्र प्रस्तुत करते हुए सरकार बनाने का दावा पेश किया।

दोपहर करीब 3 बजे भूपेश बघेल के साथ कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेता और कांग्रेस के नवनिर्वाचित विधायकगण राजीव भवन से सीधे राजभवन पहुंचे। यहां भूपेश बघेल ने विधायकों के समर्थन वाला पत्र राजभवन में प्रस्तुत करते हुए राज्य में सरकार बनाने का दावा पेश किया। इस अवसर पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि किसानों के लिए जो घोषणा पत्र में कही है, नौजवानों के लिए, महिलाओं के लिए व्यापारियों के लिए जो बातें कही हैं, वो पूरा करेंगे। हमने ऋण माफी की बात, समर्थन मूल्य 2500 करने की बात कही थी, इसे पूरा करेंगे। श्री बघेल ने पार्टी आलाकमान का धन्यवाद करते हुए कहा कि आलाकमान ने जो जिम्मेदारी दी है, उसे ईमानदारी के साथ पूरा करेंगे। उन्होंने सभी विधायकों के साथ राज्य के विकास के लिए पूरी निष्ठा के साथ काम करने की बात दोहराई। श्री बघेल ने कहा कि कांग्रेस के अधिकांश राष्ट्रीय नेता कल शपथ ग्रहण समारोह में आएंगे। नक्सलवाद के खात्मे के सवाल पर श्री बघेल ने कहा कि यह गंभीर समस्या है और नक्सलवादियों के पैर जमे हुए हैं। उन्होंने कहा कि माओवाद के खिलाफ सभी का विश्वास लेकर सख्ती से कदम उठाएंगे। झीरम के सवाल पर उन्होंने कहा कि राजनीतिक अपराधिक षड़यंत्र के तहत घटना होने का आरोप वे पूर्व में लगा चुके हैं, इसके लिए एसआईटी का गठन का घटना की पुनः जांच कराए जाने की बात कही है। उन्होंने कहा कि पिछले पांच साल में कांग्रेस ने सामूहिक नेतृत्व में पार्टी को मजबूत किया है आगे भी सामूहिक नेतृत्व व सलाह लेकर काम किया जाएगा।

कैबिनेट गठन पर उन्होंने कहा कि अभी वे कल मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे और इसके बाद मंत्रिमंडल का गठन होगा।

## सोनिया के गढ़ में पीएम मोदी देंगे 1100 करोड़ की सौगात

लखनऊ (आरएनएस)। देश के पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में भाजपा की हार के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को मिशन यूपी पर हैं। पीएम मोदी इस दौरान यूपीए की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के गढ़ में कई प्रॉजेक्ट्स का शिलान्यास करेंगे। इसके साथ ही कुंभ के आयोजन से पहले वह संगमनगरी प्रयागराज में भी कई कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। पीएम मोदी के इस दौरे को 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले काफी अहम माना जा रहा है। इस दौरे को लेकर बीजेपी ने काफी तैयारियां की हैं। खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया था।



पीएम मोदी रविवार को पहली बार सोनिया गांधी के संसदीय क्षेत्र रायबरेली पहुंच रहे हैं। वह रेल कोच फैक्ट्री का जायजा लेंगे और कई परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। यहां पर वह करीब 1100 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात देंगे। यही नहीं, पीएम मोदी आधुनिक रेल कोच कारखाने और 558 करोड़ रुपये की लागत से बने रायबरेली-बांदा हाइवे का भी लोकार्पण करेंगे। हमसफर रेल कोच को हरी झंडी दिखाने के साथ ही इस प्रॉजेक्ट को मोदी सरकार अपनी फ्लैगशिप स्कीम मेक इन इंडिया की सफलता के उदाहरण के तौर पर पेश करेगी। माना जा रहा है कि रेल कोच फैक्ट्री को मेट्रो, बुलेट ट्रेन कोच के डिब्बे बनाने की सौगात भी मिल सकती है।

**कड़े सुरक्षा इंतजाम**

पीएम के दौरे को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पीएम मोदी की सिक्यॉरिटी के लिए पांच केंद्रीय सुरक्षा बलों की कंपनी, चार कंपनी आरएएफ और एक कंपनी सशस्त्र सीमा बल की तैनाती की गई है। इसके अलावा 10 कंपनी पीएसी और 10 जिलों के एसपी भी सुरक्षा में लगाए गए हैं। मोदी की इस यात्रा को 2019 में होने वाले लोकसभा चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है।

रायबरेली की सीट बीजेपी और कांग्रेस दोनों के 2019 में होने वाले लोकसभा चुनाव में अहम है। पीएम मोदी की जनसभा में दो लाख की भीड़ जुटाने का दावा बीजेपी की ओर से किया जा रहा है।

## विलंब से चल रही ट्रेन, नाराज लोग बरसा रहे पत्थर

नई दिल्ली (आरएनएस)। राजधानी दिल्ली में अचानक ट्रेनों पर पत्थर बरसने का सिलसिला तेज हो गया है। शुक्रवार शाम 3 वीआईपी ट्रेनों पर पत्थर बरसने की घटनाएं सामने आईं। हमसफ़र एक्सप्रेस, फिरोजपुर शताब्दी और रांची राजधानी पर पत्थरबाजी हुई। उत्तर रेलवे ने दो दिन पहले 100 ट्रेनों को कोहरे की वजह से रद्द किया और उसके बाद से हिंसक घटनाओं का सिलसिला तेज हो रहा है। इन घटनाओं में करीब 25 खिड़कियों के शीशे टूटे है लेकिन गनीमत यह रही कि पैसेंजर को चोट नहीं आई।



इस तरह की घटनाएं पहले भी घट चुकीं हैं। अब रेलवे ने पत्थरबाजी रोकने के लिए संवदेनशील जगहों पर सुरक्षा टीम लगाना शुरू कर दिया है। फिरोजपुर शताब्दी पर पत्थर बरसाने के मामले में चार लोगों को पकड़ा गया है। इस ट्रेन पर शाम करीब 4:45 बजे दयाबस्ती स्टेशन के पास पत्थरबाजी हुई। ड्राइवर ने कुछ देर बाद ट्रेन भी रोक दी। ट्रेन को चेक किया गया तो 7 कोच के 25 शीशे टूटे थे।

## सड़क पर फैल गई 1 टन चॉकलेट

### फायर ब्रिगेड को बुलाना पड़ा




बर्लिन (आरएनएस)। जर्मनी में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां दुर्घटनावश एक चॉकलेट की सड़क बन गई। फिर क्या, उसे किसी ने खाया नहीं, बल्कि 25 लोगों ने मिलकर उसे ठिकाने लगाया। यह वाकया जर्मनी के वेस्टनेन शहर का है। दरअसल एक फैक्ट्री में चॉकलेट से भरा एक टैंक लीक करने लगा। इसके बाद एक टन चॉकलेट टैंक से बहकर सड़क पर फैल गई। ठंड थी, तो चॉकलेट कम समय में ही सड़क पर जम गई और देखते ही देखते काले रंग की सड़क भूरे रंग की हो गई।

इसके बाद वो रास्ता बंद करना पड़ गया। फायर ब्रिगेड को बुलाया गया, जिसके बाद 25 दमकल कर्मचारियों ने गर्म पानी और फावड़े की मदद से 1 टन चॉकलेट को पहले तो पिघलाया। स्थानीय रिपोर्ट्स के मुताबिक, फैक्ट्री के कर्मचारियों ने भी रास्ते की सफाई में दमकल कर्मचारियों की काफी मदद की।

जम चुके चॉकलेट की मोटी परत को आग से और गर्म पानी से पिछलाने को कोशिश की गई। उसके बाद निकाले गए चॉकलेट्स को डंप में फेंक दिया गया।

## प्रयागराज कुंभ में आगन्तुक श्रद्धालुओं के लिए रेलवे चलाएगा 800 स्पेशल ट्रेनें




लखनऊ (आरएनएस)। प्रयागराज कुंभ मेला 2019 में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे 800 स्पेशल ट्रेन चलाएगा। रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि ये ट्रेनें विभिन्न स्टेशनों से प्रयागराज के बीच चलेंगी। ये ट्रेनें सामान्य ट्रेनों के अलावा चलाई जाएंगी।

नॉर्थ सेंट्रल रेलवे के पीआरओ एनसीआर अमित मालवीय ने बताया कि कुंभ मेला में आने वाले श्रद्धालुओं और टूरिस्टों के लिए देश के हर रेलवे जोन से छह स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। रेलवे 5,000 प्रवासी भारतीयों को प्रयागराज से नई दिल्ली ले जाने के लिए पांच स्पेशल ट्रेन चलाने की योजना बना रहा है। ये लोग वाराणसी में प्रवासी भारतीय दिवस में हिस्सा लेने के बाद कुंभ मेले में आएंगे।

## देश भर में 70 प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कांग्रेस का पर्दाफाश करेगी भाजपा

नई दिल्ली (आरएनएस)। राफेल डील पर सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने के बाद बीजेपी का कहना है कि पार्टी इस मुद्दे पर देश भर में अपनी बात पहुंचाने का फैसला किया है। इसके लिए पार्टी सोमवार को देश के 70 अलग-अलग जगहों पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगी। बीजेपी इस दौरान केंद्र सरकार के खिलाफ साजिश रचने और देश के डिफेंस सिस्टम पर हमला करने को लेकर कांग्रेस को बेनकाब करेगी।

पार्टी के मीडिया प्रमुख और राज्यसभा सदस्य अनिल बलूनी ने कहा, ''राफेल सौदे पर उच्चतम न्यायालय के स्पष्ट तरीके से सच्चाई बयां करने के बाद भाजपा केंद्र सरकार के खिलाफ कांग्रेस की साजिश और राष्टीय सुरक्षा से

**राफेल डील मामला**



खिलवाड़ के उसके प्रयास का पर्दाफाश करेगी।'' उन्होंने कहा कि यह फैसला युद्धक विमान के सौदे को लेकर सरकार के खिलाफ आरोप लगा रहे लोगों के झूठ पर लगाम लगाएगा।

भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, देवेंद्र फड़णवीस, विजय रूपाणी, सर्वानंद सोनोवाल क्रमशः गुवाहाटी, अहमदाबाद, जयपुर और अगरतला में मीडिया को संबोधित करेंगे। केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण, रविशंकर प्रसाद, प्रकाश जावड़ेकर, जे पी नड्डा, स्मृति ईरानी, सुरेश प्रभु, मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और पार्टी संगठन के नेता सोमवार को विभिन्न स्थानों पर मीडिया से बातचीत करेंगे। इससे पहले पीएम मोदी ने भी तमिलनाडु में बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए डिफेंस सेक्टर के घोटाले गिनाकर कांग्रेस पर हमला बोला। पीएम ने कहा, दुख की बात है कि कांग्रेस के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा और डिफेंस सेक्टर सिर्फ एक पंचिंग बैग या फंडिंग सोर्स हैं। एक तरफ कांग्रेस नेता आर्मी चीफ का नाम लेकर सर्जिकल स्ट्राइक का मजाक उड़ाते हैं और दूसरी तरफ उन्होंने देश के डिफेंस सेक्टर को लूटा है।

बीजेपी प्रवक्ता जीवीएल नरसिम्हा राव ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी सुप्रीम कोर्ट की विश्वसनीयता पर सवाल उठाने की कोशिश कर रहे हैं। यह घोर निंदनीय है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की अदालतों पर वह भरोसा कर सकते हैं लेकिन हमारे सुप्रीम कोर्ट पर उन्हें भरोसा नहीं है। राव ने आगे कहा कि इमरान खान और हाफिज सईद पर उन्हें (कांग्रेस अध्यक्ष) विश्वास है लेकिन वह आईएएफ और आर्मी पर विश्वास नहीं करेंगे।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### राफेल सौदे पर बखेड़ा कर कांग्रेस ने तोड़ा सेना का मनोबल

**सोनिया के गढ़ में बोले मोदी**

रायबरेली (आरएनएस)। पूर्व यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी के लोकसभा क्षेत्र रायबरेली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश की सुरक्षा से जुड़े मामलों में विघ्न खड़ा कर कांग्रेस ने सैन्य बलों के मनोबल को तोड़ने का प्रयास किया जिसे देश की जनता कभी माफ नहीं करेगी।

### महिंदा राजपक्षे ने श्रीलंका के प्रधानमंत्री पद से दिया इस्तीफा

कोलंबो (आरएनएस)। श्रीलंका के राष्ट्रपति मैत्रीपाला सिरिसेना द्वारा विवादास्पद कदम उठाने के बाद प्रधानमंत्री बनाए गए महिंदा राजपक्षे ने शनिवार को पद से इस्तीफा दे दिया। दरअसल, उच्चतम न्यायालय के दो अहम फैसलों के कारण राजपक्षे का इस पद पर बने रहना नामुमकिन हो गया था। सांसद शेहन सेमासिंघे ने संवाददाताओं को बताया कि राजपक्षे ने यूनाइटेड पीपुल्स फ्रीडम एलायंस (यूपीएफए) के सांसदों को बताया कि उन्होंने पद से इस्तीफा दे दिया है। गौरतलब है कि राष्ट्रपति मैत्रीपाला सिरिसेना ने एक विवादास्पद कदम के तहत 26 अक्टूबर को रानिल विक्रमसिंघे को हटाकर राजपक्षे को प्रधानमंत्री बनाया था, जिसके बाद देश में संवैधानिक संकट उत्पन्न हो गया था। उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को सर्वसम्मति से फैसला दिया कि सिरिसेना द्वारा संसद भंग करना ''गैरकानूनी'' था। राजपक्षे के समर्थन वाले सांसद लक्ष्मण यापा अभयवर्द्धन ने संवाददाताओं को बताया था कि राजपक्षे ने शुक्रवार को राष्ट्रपति के साथ बैठक में इस्तीफा देने का फैसला किया ताकि सिरिसेना नई सरकार का गठन कर सकें।

### इथियोपिया में जातीय हिंसा में 21 लोगों की मौत

अदीस अबाबा (आरएनएस)। दक्षिणी इथियोपिया में जातीय समूहों के बीच झड़पों में दो दिनों में कम से कम 21 लोग मारे गए हैं। सरकार से मान्यता प्राप्त फना रेडियो ने शुक्रवार को एक खबर में यह जानकारी दी। केन्या के साथ लगी सीमा पर बसे शहर मोयले के समीप हिंसा भड़की। इस क्षेत्र पर देश में सबसे बड़ा जातीय समूह ओरोमो और सोमाली जातीय समूह दोनों अपना दावा जताते हैं। फना ने ओरोमिया क्षेत्रीय संचार कार्यालय के हवाले से बताया कि हिंसा में 61 लोग घायल भी हो गए। क्षेत्र में हिंसा के कारण कई लोग विस्थापित हो गए। यहां पर आए दिन अंतर साम्प्रदायिक हिंसा की खबरें आती हैं। गत वर्ष दोनों जातीय समूहों के बीच झड़पों के कारण 10 लाख से अधिक लोगों को विस्थापित होना पड़ा था।

### छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह को पीएम मोदी दे सकते है ये बड़ी जिम्मेदारी

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली करारी हार को बाद भाजपा फिलहाल आत्ममंथन के दौर से गुजर रही है। बताया जा रहा है कि अब बीजेपी के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह को अब पीएम मोदी अहम् जिम्मेदारी देने वाले है। बता दे पीएम मोदी लोकसभा चुनावों में डॉ. रमन सिंह को अहम जिम्मेदारी दे सकती है। पार्टी का मानना है कि पूर्व सीएम अपनी लोकसभा सीट के साथ ही आसपास की लोकसभा सीटों पर भी वोटरों को प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं।

### हार्ट अटैक से सहायक आरक्षक की मौत

सुकमा। सुकमा जिले के एर्राबोर में सहायक आरक्षक की हार्ट अटैक से मौत हो गई। आज सुबह हुए इस घटना को लेकर जवानों ने दुख जताया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सहायक आरक्षक कटटम नागेश को शनिवार सुबह हार्ट अटैक आ गया। इसकी वजह से उसकी मौत हो गई।